टीडीआई मंदिर की आधारशिला रखी



सोनीपत। कुंडली स्थित टीडीआई मंदिर के भूमिपूजन अवसर पर हवन के बाद मंदिर की ईंट रखी गई। -भास्कर

टीडीआई ग्रुप द्वारा जीटीरोड कुंडली में बनाया गया भव्य मंदिर।

भास्कर न्यूज. सोनीपत

टीडीआई सिटी कुंडली ग्रुप द्वारा गुरुवार को जीटी रोड स्थित कुंडली में टीडीआई मंदिर की आधारशिला रखी गई। टीडीआई के चेयरमैन डीएन तनेजा, वाइस चेयरमैन रविंद्र तनेजा तथा राई के विधायक रमेश कौशिक ने भी पूजा अर्चना की।

कार्यक्रम में टीडीआई ग्रुप के प्रबंधक स्टाफ तथा आसपास के गांवों के तीन हजार लोगों ने भाग लिया। ग्रुप के प्रबंधकों ने बताया कि टीडीआई मंदिर 15 सौ एकड़ से भी ज्यादा क्षेत्रफल में फैली मेगा टाउनशिप टीडीआई सिटी कुंडली का हिस्सा है। उन्होंने बताया कि टीडीआई मंदिर का टाउनशिप के साथ-साथ आस पास की कालोनियों के बाशिंदों के लिए धार्मिक एवं आध्यात्मिक जरूरतों को पूरा करेगा। अगले कुछ महीनों में मंदिर बनकर पूरा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि टीडीआई सिटी कुंडली क्षेत्र में शानदार रिहायशी कालोनी के तौर पर अपनी पहचान बना रही है। यहां कंपनी भव्य प्रवेश द्वार, स्कूल, अस्पताल, पार्क, प्रकाश व्यवस्था, पक्की सड़क का इंतजाम किया गया है। किंग्सबरी, रोडियो ड्राइव तथा टीडीआई माल पर भी कार्य तेजी से कराया जा रहा है। कार्यक्रम में नांगल कलां, पतला, अटेरना तथा राई गांव के लोग मौजूद थे।